अटल जी को 27 मई 1996 को भारतीय जनता पार्टी की लोक सभा में सबसे अधिक संख्या में सीट जीतने वाली पार्टी मानते हुए राष्ट्रपति श्री शंकर दयाल शर्मा ने सरकार बनाने का अवसर प्रदान किया था। पहली बार लोक सभा में भारतीय जनता पार्टी को इतनी अधिक संख्या में सीट प्राप्त हुई थी। बहुमत साबित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री अटल जी के साथ कई दिग्गज नेताओं जैसे प्रमोद महाजन, मुरली मनोहर जोशी, भैरो सिंह शेखावत के एन गोविंदाचार्य, मदन लाल खुराना को 14 दिन का समय दिया गया। पार्टी को महसूस हो गया था बहुमत तो दूर उनको एक भी राजनीतिक दल का सहयोग नहीं मिल पाएगा।

परिस्थितियां विषम थी 27 मई 1996 को जब विश्वास मत प्रस्ताव पर वोटिंग की जानी थी बेहद कोलाहल पूर्ण वातावरण में चर्चा चल रही थी अटल जी ने इसे हार जाने के पद बजाए इस्तीफा देना स्वीकार किया। इस्तीफा देने के पूर्व सदन में दिया गया लगभग 1

घंटे का बेहतरीन भाषण जो उनके विशाल व्यक्तित्व की संपूर्ण व्याख्या करता है आज भी दयनीय राजनीति, स्वार्थ पूर्ण राजनीति और मूल्य विहीन राजनीति के लिए एक सबक है।

शांत स्वभाव और वाक पटुता में माहिर अटल जी ने रोष और क्रोध में रहते हुए भी संयमित भाषा का प्रयोग किया और राजनीतिक पार्टियों को तोड़ कर अपना बहुमत साबित करने के बजाए स्वस्थ और मूल्य परक राजनीति दिखाते हुए राष्ट्रपति जी को अपना इस्तीफा देने की घोषणा की।

बजपेयी जी को पता था कि संख्या बल कम होने के कारण विपक्ष उनको उखाड़ फेंक सकता है और उनके भाषण के दौरान निंदनीय भाषा का प्रयोग भी कर रहा था,लेकिन अटल जी अपने नाम के अनुरुप पूरे भाषण के दौरान अपना मजबूत पक्ष रखते हुए उन पलों को इस प्रकार यादगार बना दिया कि वह आज भी पक्ष और विपक्ष में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा, "क्या हुआ आज हमारे साथ संख्या बल नहीं है मगर जहां आज हम पहुंच हैं वह 40 वर्ष की दिन रात की कठोर साधना और मेहनत का परिणाम है। अपने 40 वर्ष की विपक्ष की राजनीति का अनुभव बताते हुए उन्होंने दिलाया कि जहा आज आप बैठे हो वहां हम 40 वर्ष बैठ चुके हैं। मजबूत विपक्ष की भूमिका हमसे ज्यादा और कौन जान सकता है। सार्थक राजनीति के लिए एक मजबूत पक्ष विपक्ष और शांतिपूर्ण अर्थ पूर्ण चर्चा अति आवश्यक है। हम आपकी संख्या बल का सम्मान करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि सरकार को सही तरीके से चलाने के लिए हमारी पार्टी का पूरा सकारात्मक सयोग आपको मिलेगा। हम और मेहनत करेंगे और अपने को साबित करेंगे ।श्री अटल जी ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौपने की बात करते हुए विपक्ष पक्ष और संपूर्ण राष्ट्र को अपने ह्रदय बसा लिया। वास्तव में आज भी उनका कृतित्व अनुकरणीय है । शत शत नमन।।।।

❋❋❋❋❋❋

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई- एक उत्कृष्ट राजनेता

प्रोफेसर मीना कुमारी
विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग।
कालीचरण महाविद्यालय लखनऊ।

अटल बिहारी बाजपेई की सहजता केवल एक लिबास की तरह थी। वे गहन चिंतन करने वाले व्यक्ति हैं और वे समझते थे कि भारत में किसी भी सरकार को अपनी सफलता के लिए अनिवार्य रुप से मध्यम मार्ग ही अपनाना होगा। यह बात सदियों से सच होती आ रही थी। श्री बाजपेई ने अपनी लंबी राजनीतिक यात्रा में इसी मध्यम मार्ग को पकड़े रहने का प्रयास किया और किसी भी प्रकार की अतिवादिता से बचते रहे।इस प्रकार, वे भारतीय राजनीति के सदाबहार नायक बने,जिसे लगभग हर कोई चाहने लगा। बाजपेई एकआयामी व्यक्ति नही थे,राजनीति के अतिरिक्त, संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी थी और वे स्वयं एक कवि थे। वह अच्छे खाने के शौकीन थे और इन सबसे कहीं ज्यादा, अच्छे लोगों के बीच उठना-बैठना पसंद करते थे।

बाजपेई जी के शुरुआती राजनीतिक जीवन से ही तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं को यह एहसास हो गया था कि अटल में ऐसे गुण हैं, जो उन्हे सबके लिए स्वीकार्य बना देंगे। जवाहरलाल नेहरु ने उनकी महान क्षमता को पहचाना और अक्सर उन्हें निमंत्रण देकर तथा विदेशी हस्तियों से उनका परिचय करवाकर उन्हें आगे बढ़ाया, जबकि अटल तब पहली बार ही सांसद बने थे। अटल पर सबसे पहले जो राजनीतिक प्रभाव पड़ा, वह श्यामाप्रसाद मुकर्जी का था, जो जनसंघ के संस्थापक थे। यही नहीं, वह एक महान वक्ता थे। श्यामाप्रसाद की जल्द मृत्यु ने अटल को पहली पंक्ति में ला खड़ा किया; क्योकि यह माना गया कि एक महान वक्ता की क्षति को सिर्फ अटल ही पूरा कर सकते हैं। युवा अटल की किस्मत तब और चमकी, जब वे लंबे समय तक पार्टी सचिव रहे और दीनदयाल उपाध्याय का पूरा साथ मिला। दीनदयाल से अटल ने सबके लिए स्वीकार्य होने और उसके लिए आवश्यक नीतियों को लेकर संघर्ष के महत्व को समझा। प्रस्तुत शोधपत्र में अटल बिहारी बाजपेई के प्रारंभिक जीवन के साथ ही राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण आयामों पर चर्चा की गई है।

❋❋❋❋❋❋

अटल बिहारी बाजपेयी व्यक्तित्व एवं कृतित्व

डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय
सहायक आचार्य इतिहास
राम भरोसे मैकूलाल महाविद्यालय, तेलीबाग लखनऊ

भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहने वाले श्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म एक मध्यम वर्गीय परिवार में 25 दिसम्बर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। इनके पिता कृष्ण बिहारी बाजपेयी एक शिक्षक और कवि भी थे। इनकी स्नातक की शिक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कालेज (वर्तमान में रानी लक्ष्मीबाई कालेज) में हुई। छात्र जीवन से ही ये राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य बने और तभी से ही ये राष्ट्रीय स्तर की वाद विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। कानपुर के डी0ए0बी0 कालेज से इन्होने राजनीति शास्त्र में एम0ए0 की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। 2 इन्होनें विधि स्नातक की पढाई भी प्रारम्भ की लेकिन उसे बीच में ही विराम देकर पूरी निष्ठा के साथ संघ के कार्य में लग गये। डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं0 दीनदयाल उपाध्याय के निर्देशन में राजनीति की बारीकियाँ सीखी। बाजपेयी जी ने राष्ट्रधर्म दैनिक स्वदेश और वीर अर्जुन जैसे पत्र पत्रिकाओं के सम्पादन का कार्य किया।

बाजपेयी जी भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वालों में से एक थे और सन् 1968 ये 1973 तक वे उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके थे। सन् 1952 ई0 में इन्होने पहली बार लोक सभा चुनाव लडा परन्तु सफलता नही मिली। सन् 1957 ई0 में बलरामपुर से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में विजयी होकर लोकसभा में पहुँचें। सन् 1957 से 1977 तक बीस वर्ष तक लगातार जनसंघ के संसदीय दल के नेता रहे। ये मोरार जी देसाई की सरकार में सन् 1977 से 1979 तक भारत के विदेश मंत्री रहे और विदेश में भी भारत की प्रगतिशील छवि बनायी। 1980 ई0 मे इन्होने जनता पार्टी से असन्तुष्ट होकर इसे छोड दिया और भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में मदद की थी। 6 अप्रैल 1980 में बनी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद का दायित्व भी बाजपेयी को सौंपा गया।

❋❋❋❋❋❋

कर्म से समाधि तक की आत्मा यात्रा: भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी

हेमप्रिया
पी.एचडी. शोधार्थी, समाजशास्त्र विभाग
डॉ. दिलीप कुमार सिंह
शोध निर्देशक /असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग
पं. राम लखन शुक्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आलापुर, अंबेडकर नगर

"उनकी वाणी इतनी मधुर
जैसे गगन में नीर जायें "संवर"
धीरे-धीरे शब्दों को रखे संजोकर
लगे हृदय से उनकी आवाज
सुकून मिले जो मन को सुनकर
हैं वो "अटलजी" का "प्रबलस्वर"!!
- लेखक द्वारा

अटल बिहारी बाजपेई जी जनताके लिए एक महान और बहुत ही प्रशंसनीय राजनेता थे। वे भारत की राजनीति में 5 दशक तक बने रहे अटल बिहारी वाजपेई जैसे नेता और किसी देश में नहीं थे। अटल जी तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं पहलीबार16 मई से 1 जनवरी 1996 तक, दूसरीबार1998 में और तीसरी19 मार्च 1999 से 22 मई 2004 तक इनसे पहले पी॰वी॰ नरसिम्हाराव, एच॰डी॰ देवगौड़ा

व आई०के० गुजराल प्रधानमंत्री थे। अटल बिहारी वाजपेयी जी अकेले ऐसे नेता है, जो प्रदेश में सांसद अलग-अलग स्थान पर रह चुके हैं।

अटल जी भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल होने के बाद गांधी जी के साथ साथ हर समस्या का सामना डट कर किया। यहां तक कि गांधीजी और बाजपेयी (पीड़ा) भी साथ में सही। भारत छोड़ो आंदोलन के समय अटल जी भी 23 दिन के लिए जेल गए थे। तभी उनका पहला वार्तालाप डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी से हुआ। उनसे वार्तालाप के बाद अटलजी ने "भारतीय जनसंघ पार्टी" में हिस्सा लिया। 1951 में भारतीय जनसंघ पार्टी का गठन किया गया। अटल जी एक जाने-माने कवि थे जिन्हें लोग पढ़ना ज्यादा पसंद करते थे। यह अपनी कविताएं राजनीति पर भी लिखा करते थे। इन्हें भारतीय भाषा से बेहद लगाव था, और यह अपने भाषण असेंबली में हमेशा हिंदी में देना पसंद करते थे। 2005 में अटल जी राजनीति से संन्यास ले लिया।

❋❋❋❋❋❋

आधुनिक एवं नवीन भारत के निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान

डॉ० देवेन्द्र कुमार पाण्डेय
असि० प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान
गाँधी स्मारक त्रिवेणी पी०जी० कॉलेज, बरदह, आजमगढ।

वस्तुतः वक्त की निरन्तरता का एहसास एवं उसका तत्क्षण मूल्यांकन कर समय सापेक्ष, समयानुकूल कार्य करना स्वाभाविक ही नहीं अवश्यम्भावी होता है। तद्रूप कार्य करने से चतुर्दिक नवसृजन हेतु पथ प्रशस्त हो जाता है। नूतन सदी नवीनता, नवसृजन, नवस्वप्न, नवसंभावनाओं के साथ हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रही है। नवयुग का आगाज होने वाला है। अधुनातन समय में 21वीं सदी में हम नवीन भारत के निर्माण हेतु गत पचास सालों का लेखा-जोखा लेने को उत्कंठित हैं, जो स्वाभाविक है कि हमारी दृष्टि इस तथ्य की ओर उन्मुख होगी, कि आखिर हमारी उपलब्धियाँ क्या हैं, जिससे हम अपने स्वप्नों को पूरा कर सकें। आज हम स्वाधीनता को शाश्वत एवं अमरता प्रदान करने हेतु कृतसंकल्पित हैं। हमारी सभ्यता और संस्कृति सहस्त्रों वर्षों से भी अधिक की प्राचीनता को आत्मसात् किए हुए हैं। अतएव भारत एक प्राचीन राष्ट्र है। जिसकी संस्कृति सनातन संस्कृति है किन्तु एक सार्वभौम सत्ता के अभाव के कारण भारत को एक संगठित राजशक्ति के रूप में स्थापित नहीं किया जा सका, एक सशक्त राज्य का स्वरूप न प्राप्त हो सका और देश विभिन्न राजों, रजवाड़ों और टुकड़ों में विभाजित रहा। सभी अपने-अपने परिवेश में खोए रहे, जिस कारण हम परास्त एवं पराजित हुए।

अधुनातन समय में शताब्दियों बाद लद्दाख से लेकर अण्डमान निकोबार तक यह समस्त भूमि एक झण्डे के नीचे संगठित हुई है। भारतीय गणराज्य अपनी सम्पूर्ण गौरव एवं गरिमामयी स्थिति के साथ खड़ा है, यह गर्व की बात है, जिम्मेदारी की बात है। अतएव इनकी सुरक्षा अपरिहार्य है और होनी भी चाहिए। देश सशक्त हो, समृद्धिशाली हो, सामाजिक समता हो, समरसता हो। यद्यपि हमारा देश अन्तर्विरोधों से परिपूर्ण है तथापि इसमें अन्तर्विरोधों के मध्य से सामंजस्य एवं सौमनस्य सृजन की अद्भुत क्षमता है व अपार शक्ति निहित है।

यद्यपि विभिन्न विविधताओं से परिपूर्ण देश भारत हेतु अनेक भविष्यवाणियाँ की गई थी कि भारत एकरस नहीं रह सकेगा। पाँच सौ से अधिक रियासतों में विभक्त देश भारत के लिए मातम के मसीहा यह उद्घोषित कर रहे थे कि अंग्रेजों द्वारा एक विभाजन किया गया और दूसरा हम स्वयं करेंगे। उन तथाकथित भविष्यवाणियों पर पानी फेरते हुए हम एक गणराज्य का स्वरूप लिए सशक्त रूप में अपने अस्तित्त्व को कायम किए हुए है। यही हमारी उपलब्धियाँ हैं, जिसको निरन्तरता प्रदान करते हुए हमें अपना अमूल्य योगदान प्रदान करना है। इस हेतु अधुनातन शताब्दी में हमारा सतत् प्रयत्न है कि हम अपने आधुनिक एवं नवीन भारत के स्वप्न को साकार रूप प्रदान करने में अपना श्रेष्ठतम् योगदान दें।

वस्तुतः हमारी अनुपम उपलब्धि लोकतंत्र को संरक्षित करने की है। हमारा आचरण लोकतंत्र के अनुकूल है और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद हम लोकतंत्र को सरलता एवं सफलतापूर्वक आत्मसात् किए हुए हैं। इसी कारण हमारा देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में ख्यातिलब्ध है। हमने लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए सतत् प्रयत्न किया है तथापि

अनेक भविष्यवाणियाँ की गयी थी कि इतनी विविधिताओं से परिपूर्ण देश जहाँ शिक्षा का अभाव है, गरीबी की अतिशयता है, मताधिकार का उपयोग किस प्रकार होगा, जहाँ लोग मजहब के आधार पर विभिन्न रूपों में विभक्त हैं। हमने विविधताओं में एकत्त्व का प्रदर्शन करते हुए बड़े ही प्रभावशाली ढंग से मताधिकार का प्रयोग कर दुनिया को दिखा दिया है कि हमारी विविधता कमजोर न होकर, हमारी शक्ति का प्रतीक है। हमारी एकता को पुष्ट करने का सबसे बड़ा कारण और उपलब्धि का अधिष्ठान हमारा लोकतंत्र है जिसकी सफलता हेतु हम सतत् प्रयत्नशील हैं।

यद्यपि अटल बिहारी वाजपेयी अपने आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति सदैव अटल रहे है। सदैव संघर्ष हेतु उद्धत, किन्तु समझौते के द्वार खुले रखने वाले अटल बिहारी वाजपेयी लोकतंत्रीय राजनीति के शिखर पुरुष हैं। उनके चिंतन एवं चिन्ता का विषय सम्पूर्ण राष्ट्र रहा है। राष्ट्रहित को उन्होंने सदैव सर्वोपरि माना है। भारत एवं भारतीयता, सम्प्रभुता और सम्वर्द्धन की कामना को उन्होंने सदैव सर्वोपरि स्थान प्रदान किया। उनकी दृष्टि में, ''राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ता प्रदान करने हेतु यह अपरिहार्य है कि हमें राष्ट्र की स्पष्ट परिकल्पना को लेकर चलना होगा। राष्ट्र कुछ सम्प्रदायों और जनसमूहों का समुच्चय मात्र न होकर एक जीवमान इकाई होता है जिसे जोड़-तोड़कर निर्मित नहीं किया जा सकता है। उसका अपना अलग व्यक्तित्त्व होता है, जो उसकी प्रकृति के अधिष्ठान पर कालक्रम की फलश्रुति है। उसके घटकों में राष्ट्रीयता की यह अनुभूति, मातृभूमि के प्रति भक्ति, उसके जन के प्रति आत्मीयता तथा उसकी संस्कृति के प्रति गौरव के भाव में ही प्रकट होती है। इसी अधिष्ठान पर यह निर्णय किया जाता है कि कौन अपना है तो कौन पराया है, कौन शत्रु है तो कौन मित्र है, कौन अच्छा है तो कौन बुरा है और कौन योग्य है तो अयोग्य कौन है। जीवन की इन निष्ठाओं और मूल्यों के चतुर्दिक विकसित इतिहास राष्ट्रीयता की भावना को घनीभूत करता हुआ, उसे शक्ति प्रदान करता है। उसी से व्यक्ति को त्याग और समर्पण, पराक्रम और पुरुषार्थ, सेवा और बलिदान की प्रेरणा सतत् रूप से मिलती रहती है।

❋❋❋❋❋❋

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी: व्यक्तित्व एवं शैक्षिक योगदान

डॉ0 अल्का द्विवेदी
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र
कालीचरण पी0जी0 कालेज, लखनऊ।
ई-मेलः dralka2005@gmail.com

दुनियाँ को छोड़कर सबको एक दिन जाना होता है परन्तु एक महान व्यक्ति अपने पीछे लोगों को हमेशा जोश से चलते रहने और जीवन के लिये संघर्ष करते रहने की प्रेरणा देकर जाता है। उन्हीं महान् व्यक्तियों में से एक, अटल जी की अपने कर्मों से देश को हमेशा आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देकर इस दुनियाँ को नीरस करके चले गए। मौत की उम्र क्या है ? दो पल भी नहीं, जिन्दगी सिलसिला, आज कल की नही। मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूँ, लौटकर आऊँगा, कूच से क्यों डरूँ ? अटल बिहारी बाजपेयी आज देश के प्रत्येक व्यक्ति का आदर्श है, उनका व्यक्तित्व हमेशा उत्साह से भरा हुआ था जैसा बनने की कामना हर कोई करता है। आज हम अपने शोधपत्र में ऐसे विराट व्यक्ति के व्यक्तित्व के विषय में चर्चा करेंगें और उनके शैक्षिक योगदान-सर्वशिक्षा अभियान के विषय में भी चर्चा करेंगे। उनके इस अभियान के माध्यम से 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक स्कूल में मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित की गयी। प्रस्तुत शोधपत्र में भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जी के व्यक्तित्व एवं शैक्षिक योगदान के विषय में अध्ययन किया गया है।

❋❋❋❋❋❋

प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी के अधिकारिक वक्तव्यों का विष्लेषण: सामाजिक न्याय एवं लोकतंत्र के विषेश संदर्भ में

चंद्रमणि राय
शोधार्थी (गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग)
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
दूरभाष: 6392431870/9670789899, Email-chandramanirai1995@gmail.com

प्रस्तुत शोध आलेख पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहार वाजपेयी के अधिकारिक वक्तव्यों के विश्लेषण के माध्यम से उनकी सामाजिक न्याय तथा लोकतंत्र सम्बन्धी दृष्टि का अनुसंधान करता है। यह शोध आलेख स्पष्ट करता है कि श्री वाजपेयी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन को पहली बार पूर्ण बहुमत प्राप्त करने तथा अपने शपथ ग्रहण के प्रथम दिन से ही भारतवर्ष को समृद्ध एवं गौरवशाली बनाने के लिए सामाजिक न्याय, सामाजिक समरसता, पंथनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना, महिला शसक्तीकरण तथा भेदभाव मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध थे।

❋❋❋❋❋❋

राजकोषीय नीतियाँ और अटल बिहारी वाजपेयी

डा0 ममता भटनागर
एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग
विद्यान्त हिन्दू पी0जी कालेज लखनऊ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतवर्ष के तीन बार प्रधानमंत्री बने। उनके और संघ की विचारधारा स्वदेशी होना भारतीय आर्थिक जगत में अनूठा प्रयोग था। उन्होंने स्वदेशी की भावना तथा स्वदेशी आर्थिक नीतियों को प्रोत्साहित किया और राजनीति उच्च नैतिक मूल्यों को स्थापित किया। उन्होने संतुलन की राजनीति का अनूठा प्रयोग प्रारम्भ किया। 1991 के बाद भारत की आर्थिक नीतियों में उदारवाद का दौर प्रारम्भ हुआ। अटल जी के समय 1999 से 2004 तक आर्थिक नीतियों को स्वावलंबी बनाने का भी प्रयास किया गया। उन्होने विनिवेश मंत्रालय का भी गठन किया। देश की आर्थिक नीति में मुद्रा स्फीति 4 प्रतिशत थी तथा विकास दर 8 प्रतिशत से ऊपर थी। उनके शासनकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली ही साथ ही उस समय की योजनाओं का लाभ आज तक अर्थव्यवस्था को मिल रहा है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का दृढ़ विश्वास था कि निर्माण और बुनियादी ढ़ांचा उन्नति के अग्रदूत हो सकते है। इसी के आधार पर उनकी राजकोषीय नीतियाँ आधारित रही। श्री अटल बिहारी वाजपेयी की आर्थिक नीतियों ने भारत को खुले बाजार में उड़ना सिखाया, उनकी परिकल्पना सदैव औद्योगिक विकास, 'सांस्कृतिक विकास', सामाजिक विकास एवं कृषि विकास के चारों ओर ही रहता था।

❋❋❋❋❋❋

अटल जी का व्यक्तित्व कहती उनकी कविताएं

डॉ0 सविता सिंह
सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा
नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

भारत रत्न, श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी एक कुशल राजनेता, स्वच्छंद पत्रकार एवं संवेदनशील मन के ओजस्वी कवि थे। सच कहें तो वो नेता से ज्यादा कवि थे। कवित्व का गुण उनको विरासत में उनके पिता से मिला था। राजनीति में सक्रिय रहते हुए भी उनके हृदयस्पर्शी भाव कविताओं के रूप में प्रकट होते रहे। उनकी कविताओं ने जनमानस में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और पाठकों द्वारा सराही गई। उनकी कविताओं में चिंतनशीलता, निष्पक्षता, निडरता, स्वाभिमान, देशप्रेम , त्याग, बलिदान, अन्याय के प्रति विद्रोह,

आस्था एवं समर्पण का भाव है एक साधारण अध्यापक के घर जनमे अटल जी अपनी प्रतिभा के दम पर विश्व भर में विख्यात हुए। सहृदय, दूरदर्शी राजनेता, संवेदनशील कवि, मित्रों और विरोधियों द्वारा समान रूप से चाहे जाने वाले अटल जी के बहुआयामी व्यक्तित्व को समझने के लिए वैसे तो उनकी राजनीतिक समझ, उनका मानवतावादी दृष्टिकोण, प्रगतिशील विचारधारा, आर्थिक व सामाजिक विकास का दृष्टिकोण जैसे हर पहलू को जानना होगा फिर भी अगर हम उनकी कविताओं का विश्लेषण करें तो बहुत से आयामों की झलक उनमें मिल जाती है और उनके व्यक्तित्व के बहु–आयामीपन को करीब से महसूस करा देती हैं उनकी कविताओं में से कुछ प्रमुख कविताएं जैसे, गीत नया गाता हूं, कदम मिलाकर चलना होगा, गीत नहीं गाता हूं,15 अगस्त का दिन कहता आजादी अभी अधूरी है, कौरव कौन पांडव कौन, दूध में दरार पड़ गई, मैंने जन्म नहीं मांगा, मौत से ठन गई जैसी कविताएं उनकी चिंतनशीलता, उदारता, समता, संवेदनशीलता जैसे उनके मन के हर भाव को प्रदर्शित करती है और उनके मानवता वादी, सरल, सहज, उदार व चुंबकीय व्यक्तित्व को प्रदर्शित करती है उन्होंने कई बार भारतीय संसद के सदन में भी कविताओं के जरिए पक्ष और विपक्ष के नेताओं का दिल जीत लिया था। अपनी कविताओं के बारे में उन्होंने एक बार कहा था- 'मेरी कविताएं मतलब युद्ध की घोषणा करने जैसी है, जिसमें हारने का कोई डर न हो. मेरी कविताओं में सैनिक को हार का डर नहीं बल्कि जीत की चाह होगी. मेरी कविताओं में डर की आवाज नहीं बल्कि जीत की गूंज होगी।

❋❋❋❋❋❋

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी तथा राष्ट्र की अवधारणा: वर्तमान परिप्रेक्ष्य एवं चुनौतियां

डॉ0 ऊषा देवी वर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान
वी.एम.एल.जी. कॉलेज, गाजियाबाद

प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी देश के मात्र ऐसे नेता थे,जो अपनी पार्टी में ही नही, विपक्षी पार्टी में सम्मानीय रहें। उदार, विवेकशील, निडर, सरल, रहज राजनेता के रूप में जहां उनकी छवि अत्यन्त लोकप्रिय रही, वही एक ओजस्वी वक्ता, कवि की संवेदनाओं से भरपूर उनका भावुक हृदय, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्थावान व्यक्तित्व सभी को प्रभावित करता रहा। अपने प्रारम्भिक जीवन में छात्र नेता के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रहे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के रूप में लखनऊ में इन्होंने राष्ट्रधर्म, पांचजन्य एवं वीर अर्जन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन किया। सन् 1942 में अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने राजनीतिक जीवन का सफर शुरु किया उस समय भारत छोड़ो आन्दोलन जोर शोर से चल रहा था, इस आन्दोलन मे उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे भारतीय जनसंघ के सस्थापक सदस्यों में एक थे और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। अटल बिहारी बाजपेयी प्रधानमंत्री रहते हुए राजस्थान के पोखरन में सन् 1998 में 11 और 13 मई को पांच भूमिगत परमाणु परीक्षण करके देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाया। यह एक साहसिक कदम था, जिससे हमारे देश को अलग पहचान मिली। परमाणु परीक्षण के बाद कुछ देशों ने अनेक प्रतिबन्ध भी लगाये परन्तु अटल जी इन सब की परवाह न करते हुए आगे बढ़े और देश को आर्थिक विकास की उँचाईयों तक पहुंचा दिये। 19 फरवरी 1999 को सदा-ए-सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर बस सेवा शुरू की गई, इस बस का उद्घाटन करते हुए प्रथम यात्री के रूप में बाजपेयी जी ने पाकिस्तान की यात्रा करके नवाज शरीफ से मुलाकात की और आपसी सम्बन्धों में एक नयी शुरूआत की। राजधर्म को सर्वोपरि मानने वाले एवं उसका पालन करने वाले अटल बिहारी बाजपेयी को आज भी एक सशक्त नेता, मंत्रमुग्ध कर देने वाला वक्ता, कुशल प्रशासक, के रूप मे याद किया जाता हैं

❋❋❋❋❋❋

हिन्दी कविता एवं अटल बिहारी वाजपेयी

डॉ0 कुसुम लता
असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी विभाग
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार, मीरजापुर
ईमेलः- kusumlata725@gmail.com

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म 25 दिसम्बर 1924 ई0 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा- दीक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कालेज में हुई थी। इन्होने राजनीति विज्ञान में परास्नातक की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात अपना कैरियर पत्रकारिता में शुरू किया और पांचजन्य, राष्टधर्म इत्यादि पत्रिकाओं का सम्पादन किया। इसप्रकार इनका झुकाव बचपन से ही समाज एवं देश के प्रति समर्पित रहा।

अटल बिहारी वाजपेयी राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ एक कवि भी थे। "मेरी इक्यावन कवितायें" अटल जी का प्रसिद्ध काव्यसंग्रह है। वाजपेयी जी को काव्य रचनाशीलता एवं रसास्वाद के गुण विरासत में मिले हैं। उनके पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी ग्वालियर रियासत में अपने समय के जाने-माने कवि थे। वे ब्रजभाषा और खड़ी बोली में काव्य रचना करते थे। पारिवारिक वातावरण साहित्यिक एवं काव्यमय होने के कारण काव्य रक्त इन्हे विरासत में मिला था। यही कारण है कि बचपन में ही उन्होने कविताएं लिखना प्रारम्भ कर दिया था। उनकी प्रथम कविता 'ताजमहल' थी। इसमें श्रृंगार रस के प्रेम प्रसून न चढ़ाकर बल्कि प्रगतिशील विचाराधारा एवं वीर रस प्रधान,तथा मुक्त शैली मे अपनी रचनाओं को लिखा। शोषित एवं मजदूरों के प्रति गहरी संवेदना इनके काव्य में दिखलाई पड़ता है। एक उदाहरण के माध्यम से इनकी कविताओं का मर्म समझा जा सकता है-''एक शहंशाह ने बनवा के हसीं ताजमहल, हम गरीबों की मोहब्बत का उड़ाया है मजाक''। वास्तव में कोई भी कवि हृदय कभी कविता से वंचित नही रह सकता।

❋❋❋❋❋❋

श्री अटल बिहारी वाजपेयी- व्यक्तित्व एवं कृतित्व

डॉ राघव कुमार झा, असि0 प्रो0 संस्कृत विभाग
अनिल कुमार, शोधार्थी
राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)

भारतीय संस्कृति के पुरोधा, राजनीति के दैदीप्यमान नक्षत्र, सरल, संवेदनशील, सहृदय व्यक्तित्व, भारत देश के एकमात्र नेता जो अपने दल में ही नहीं अपितु विपक्षी दलों में भी समान रूप से सम्मानीय रहे हैं। उदार, विवेकशील, निडर, सरल-सहज, राजनेता के रूप में जहाँ इनकी छवि अत्यंत लोकप्रिय रही है, वहीं एक ओजस्वी वक्ता कवि की संवेदनाओं से भरपूर इनका भावुक हृदय, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्थावान इनका व्यक्तित्व सभी को प्रभावित करता है।

श्री अटल जी की लेखन क्षमता, भाषण कला को देखकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय जैसे नेताओं का ध्यान इनकी और गया। अटल जी 'भारत छोड़ो आंदोलन' के भी एक अंग थे। कुछ समय पत्रकार के रूप में कार्य किया। वे एक अच्छे कवि भी थे। बाद में राजनीति से जुड़े। 'भारतीय जनता पार्टी' की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। अटल जी ने अपने ज्ञान और अनुभव का उपयोग करके इस को मजबूत बनाया। अटल जी जन संघ के संस्थापक सदस्य रहे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे, संघ के मुख्यपत्र 'राष्ट्रीय धर्म' के संपादक रहे, काफी समय तक नेता प्रतिपक्ष, विदेश मंत्री और तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे।

अटल जी में अजस्वी कवि और प्रखर वक्ता के गुण जन्मजात कहे जा सकते हैं क्योंकि अटल जी की वंश परम्परा में भी यह गुण विद्यमान थे इनके प्रतीतामहः पंडित काशी प्रसाद वाजपेयी जी भी क्षेत्र के विख्यात विद्वान थे, पितामहः और पिताजी भी अध्यापन कार्यों में संलग्न थे। इसी के परिणाम स्वरूप अटल जी ने हृदयस्पर्शी और संवेदनशील कविताओं के द्वारा साहित्य जगत में अपनी

विशिष्ट पहचान बनाई, वहीं दूसरी ओर खास अंदाज और भाव-भंगिमाओं के साथ हृदय को स्पर्श करने वाले अद्भुत भाषण क्षमता के साथ चर्चित रहे।

अटल जी को 'शब्दों का जादूगर' कहा जाता था। एक बार लोकसभा अध्यक्ष अनन्त शयनम आयंगर ने कहा था कि, ''अटल जी हिंदी के सर्वश्रेष्ठ वक्ता हैं। वे बहुत कम बोलते हैं किन्तु जो बोलते हैं, वह हृदयस्पर्शी होता है। अन्तर्मन को स्पर्श करने वाला होता है।''

अटल जी एक निश्छलता से परिपूर्ण व्यक्ति के साथ ही लोकप्रिय जननायक भी हैं। इसी कारणवश भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह जी ने राज्य सभा में भाषण के दौरान अटल जी को भारतीय राजनीति का 'भीष्म पितामह' कहा था। अतः हम कह सकते हैं कि अटलजी शरीर से एक हैं परन्तु गुणों के अम्बार हैं। वह अध्ययन के एवरेस्ट की चोटी पर विराजमान हैं। वह मानवता के पुजारी हैं। सरस्वती उनकी जिह्वा पर सदैव विराजमान रही हैं। 'आज भी भारत के अनेक क्षेत्रों से ध्वनि उठती है कि अटल जी हमारे हैं।' उनके भाषण में लय, छंद, अलंकार, यति-गति भावभंगिमा आदि नेत्रों के सम्मुख चलते-फिरते चलचित्र के समान प्रतीत होते हैं।

अटल जी कहते हैं कि, "कविता वातावरण" चाहती है, कविता एकाग्रता चाहती है, कविता आत्माभिव्यक्ति का नाम है, और वह आत्माभिव्यक्ति शोर-शराबे में नहीं हो सकती।"

श्री अटल जी का सम्पूर्ण जीवन एवं सम्पूर्ण विचार सदैव राष्ट्र के लिए समर्पित रहे हैं। राष्ट्र सेवा के लिए इन्होंने ग्रहस्थ जीवन का त्याग कर कर्मनिष्ठ, निर्लिप्त छवि वाले राजनेता रहे। हिंदुत्ववादी होते हुए भी इनकी छवि धर्मनिरपेक्ष मानव की रही है। नेहरू जी ने इन्हें ''अद्भुत वक्ता की विश्वविख्यात छवि से सम्मानित किया था।'' आज यह महान आत्मा हमारे मध्य नहीं है, भारत ने अपना बहुमूल्य रत्न खो दिया है। अतः यह कमी हमेशा बनी रहेगी। दिनांक 16 अगस्त 2018 को नई दिल्ली में इनका स्वर्गवास हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें। भारतीय राजनीति के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। हमें उन पर गर्व है।

❋❋❋❋❋❋

राष्ट्र सर्वोपरि की अटल मिसाल एवं मशाल

डॉ मोहम्मद आल अहमद
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
मुमताज पीजी कॉलेज, डालीगंज, लखनऊ
सम्पर्क 9651876962

राष्ट्र को प्रेम करना उसको सर्वोपरि मानने का अर्थ ही है उस में निवास करने वाले सभी लोगों का यथोचित सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकार प्रदान करना ,हमारे देश भारत में ऐसा इसीलिए भी बेहद महत्त्वपूर्ण है क्योंकि हमारा देश भारत सभी स्तरों पर विविधताओं वाला देश है । स्वयं प्रकृति ने ही इसे अनेक प्रकार की विविधतायें प्रदान कर रखी है। भारत देश की भूमि पर कहीं तो मीलों तक मैदान है और कहीं घने जंगल, कहीं हरी भरी और बर्फानी पर्वतमालाएं है तो कहीं लंबे, चौड़े रेगिस्तान, कहीं पानी ही पानी है, हरियाली ही हरियाली तो कहीं रूखा-सूखा वातावरण ! प्रकृति की इस विविद्ता के कारण यहाँ अनेक भाषायें और बोलियाँ बोली, पढ़ी और लिखी जाती है। खान-पान, रहन-सहन, वेश-भूषा में भी विविधता और अनेकता है। प्राय राष्ट्रीय पर्व, उत्सव, त्योहार, व्रत, उपवास है तो समान, पर उन्हें मनाने के रंग ढंग में स्थानीयता अवश्य देखी जा सकती है।

इतिहास के पन्नों पर राष्ट्र को समर्पित बहुत सी विभूतियाँ दर्ज हैं जिन्होंने देश की अखंडता हेतु विविधता में एकता को वरीयता देते हुए स्वयं का जीवन अर्पित कर दिया। इसी क्रम में आज हम एक महान विभूति का वर्णन करने की सदिच्छा रखते हैं जिनका नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी है।

❋❋❋❋❋❋

अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था

डॉ0 अशोक कुमार
असिस्टेन्ट प्रोफेसर-अर्थशास्त्र,
राजकीय महिला महाविद्यालय हर्रैया, बस्ती, उ0प्र0, भारत।
मो0-9453581941, ई-मेलः ashok.gdc1983@gmail.com

अटल बिहारी वाजपेयी जी को प्रमुखतया भारतीय राजनीति के कालजयी अग्रदूत के रूप में स्वीकार किया जाता है। उनके पास वाक्पटुता एवं एक कवि का विशाल हृदय विद्यमान था जिसके बल पर वह धुर विरोधियों को भी अपने स्नेह पाश में बांध लेते थे। देश को आर्थिक मजबूती देने के सम्बन्ध में भी उनकी दृष्टि बिल्कुल स्पष्ट थी। वह जानते थे कि अर्थव्यवस्था की तरक्की के लिए उदारवादी नीतियों को आगे बढ़ाया जाना आवश्यक है, अतः उन्होंने स्वदेशी के खोखले नारों पर अधिक विश्वास न करते हुए उदारवादी नीतियों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। इसी कारण से उदारवादी अर्थव्यवस्था के रूप में देश को विकास की पटरी पर दौड़ाने के लिए उन्होंने उदारवादी आर्थिक नीतियों के हिमायती श्री जसवंत सिंह जी को वित्तमंत्री के रूप में चुना था।

अटल जी के कार्यकाल में ही प्रथम बार विनिवेश मंत्रालय का गठन किया गया। इसका मुख्य उद्येश्य विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक गतिविधियों में सरकार की भूमिका को कम करना था। भारत एल्युमिनियम कम्पनी(बी0ए0एल0सी0ओ0), हिन्दुस्तान जिंक, इंडिया पेट्रोकेमिकल्स कार्पोरेशन लिमिटेड तथा विदेश संचार निगम लिमिटेड(वी0एस0एन0एल0) का विनिवेश इसी दिशा में एक मजबूत कदम था। अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से वाजपेयी सरकार का एक अन्य सराहनीय कदम राजकोषीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन ऐक्ट(थ्पेबंस त्मेचवदेपइपसपजलंदक ठनकहमज डंदंहमउमदज ।बज.थ्ण्ण्ठण्डण् ।बज) का बनाया जाना एवं उसे लागू किया जाना था। इसका मुख्य उद्येश्य देश के राजस्व घाटे का समाप्त कर राजस्व अतिरेक की स्थिति में पहुंचना और मार्च 2008 तक राजकोषीय घाटे को जी॰डी॰पी॰ के 3 प्रतिशत तक सीमित करना था। हालांकि वर्ष 2007 के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संकट के कारण इस ऐक्ट की सिफारिशों पर पूर्णतया अमल नहीं हो पाया। देश में शिक्षा नामांकन अनुपात बढ़ाने के उद्येश्य से 'सर्व शिक्षा अभियान' योजना की वर्ष 2001 में शुरूआत करना वाजपेयी जी के कार्यकाल की एक और बड़ी उपलब्धि रही।

अर्थव्यवस्था के चतुर्दिक विकास के लिए अच्छी सडकों के महत्व से वाजपेयी जी भलीभांति परिचित थे। इसीलिए उन्होंने गांवों को शहरों से जोड़ने के लिए 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' की शुरूआत की जिसके तहत बनी ग्रामीण सड़कों की आम जन में बड़ी प्रशंसा होती रही है। साथ ही श्री वाजपेयी के कार्यकाल में ही स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की भी शुरूआत हुई जिसने चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली एवं मुम्बई को हाईवे नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वाजपेयी सरकार की इन दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं ने देश के आर्थिक विकास को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वाजपेयी सरकार द्वारा वर्ष 2000 में 'एक देश एक कर' की अवधारणा को साकार रूप देने के दृष्टिकोण से पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री श्री असीम दास गुप्ता की अध्यक्षता में ळैज् का मॉडल डिजाइन करने के लिए समिति का गठन करना देश की अर्थव्यस्था को मजबूती प्रदान करने वाला एक अन्य दूरदर्शी कदम था। इसी प्रकार वाजपेयी सरकार ने अपनी नई टेलीकॉम पॉलिसी के तहत टेलीकाम फर्मों के लिए एक तय लाइसेंस फीस हटाकर रेवन्यू शेयरिंग की व्यवस्था लागू की। वर्ष 2000 में भारत संचार निगम का गठन भी वाजपेयी सरकार का एक क्रान्तिकारी कदम था।

❋❋❋❋❋❋

भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी: भारतीय राजनीति में अप्रतिम योगदान

डॉ0 सारिका सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग
इंदिरा गाँधी राजकीय महिला महविद्यालय रायबरेली
Email ID: ssarika81@gmail.com, MOB: 8869938511

भारतीय लोकतंत्र जिसे विश्व का सबसे विशाल एवं स्पंदनशील तथा तृतीय विश्व का सबसे विशाल व सफल लोकतंत्र माना जाता है, के विकास में अनेक राजनैतिक नेतृत्व कर्ताओं का अवदान रहा है | भारतीय लोकतंत्र को यहां तक लाने और उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सफल लोकतंत्र के रूप में शिखर तक पहुंचाने में जिन माननीय राजनीतिक नेतृत्व कर्ताओं की भूमिका रही है अटल बिहारी वाजपेयी जी उनमें प्रमुख हैं | भारतीय राजनीति में एक सांसद, एक नेता प्रतिपक्ष ,एक विदेश मंत्री, एक राजनीतिक दल के संस्थापक अध्यक्ष और अंततः तीन बार प्रधानमंत्री के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन किया | इन राजनीतिक भूमिकाओं से इतर वे विदेश नीति के गंभीर जानकार ,लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर राजनीतिक कुरीतियों पर कुठाराघात करने वाले व्यंग्यकार और अपनी दलीय निष्ठा से ऊपर उठकर सकारात्मक राजनीति करने वाले नेताओं के प्रशंसक रहे |

अटल बिहारी वाजपेयी जी अपने अभियान में जुटे रहने वाले व्यक्ति थे, जो अपनी दृष्टि, शब्दों और कर्मों से आम सहमति बनाने वाले महान नेता बने | वह गठबंधन वाली सरकार, सामंजस्य की राजनीतिक तथा समावेशी विकास के जनक बने | अटलजी ने दुनिया को अटल की मिसाल के नए राजनीतिक व्यवहार को दिखाया है|वे भारतीय राजनीति के उन नेतृत्व कर्ताओं में से हैं जिन्होंने लगभग सभी महत्वपूर्ण दायित्व में भूमिका का निर्वहन किया और भारतीय राजनीति को नवीन दिशा और दशा प्रदान की भारतीय लोकतंत्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका रही है। भारत राष्ट्र व हम भारतीय उनके सदैव ऋणी रहेंगे ।

प्रस्तुत शोध पत्र (सारांश) में भारतीय राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा निर्वहन की गई विभिन्न भूमिकाओ का विश्लेष्ण किया गया है।

❋❋❋❋❋❋

अटल बिहारी बाजपेई का व्यक्तित्व और कृतित्व

विशाखा कमल
असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र
नेताजी सुभाष चंद्र बोस गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज

भारत रत्न अटल बिहारी वाजप का राजनीतिक सफर अत्यंत उत्कृष्ट उपलब्धियों भरा रहा हैं 25 दिसंबर 1924 को जन्मे अटल बिहारी बाजपेई 1942 में राजनीति में उस समय आए जब भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उनके भाई 23 दिनों के लिए जेल गए 1951 में आर एस एस के सहयोग से भारतीय जनसंघ पार्टी का जब गठन हुआ तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं के साथ अटल बिहारी बाजपेई की अहम भूमिका रही पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई देश के एकमात्र ऐसे राजनेता थे जो 4 राज्यों के 6 लोकसभा क्षेत्रों की सीटो पर विजेता रहे थे जिनमें से उत्तर प्रदेश के लखनऊ और बलरामपुर गुजरात के गांधीनगर मध्य प्रदेश के ग्वालियर और विदिशा और दिल्ली की नई दिल्ली संसदीय सीट से चुनाव जीतने वाले एकमात्र नेता रहे उनका राजनीतिक सफर अत्यंत उत्कृष्ट उपलब्धियों से भरा रहा है अटल बिहारी बाजपेई एक ऐसे नेता थे जो कि विरोधियों में भी अपनी धाक रखते थे बाजपेई के असाधारण व्यक्तित्व को देखकर उस समय के वर्तमान प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि आने वाले दिनों में यह व्यक्ति जरूर प्रधानमंत्री बनेगा उनका यह कथन आगे आने वाले समय में सत्य सिद्ध हुआ

❋❋❋❋❋❋

शक्ति से शान्ति तक "अटल बिहारी बाजपेयी"

डॉ स्नेहा सिंह
(असिस्टेट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग)
इंदिरा गाँधी राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली
मो0नं0 8381806666, Email: sneha7a@gmail.com

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व बहुमुखी था, जहाँ एक ओर वे मर्मज्ञ कवि, विचारक, मानवता के पक्षपोषक एवं सहृदय व्यक्तित्व के स्वामी थे, वहीं दूसरी ओर राष्ट्र की सुरक्षा एवं सम्प्रभुता की रक्षा हेतु सुदृढ एवं कूटनीतिक निर्णयों के लेने में भी दक्ष थे। उनके व्यक्तिव का उदार पक्ष उनकी कविताओं, मानवीय मूल्यों आदि से उद्घाटित होता है, वहीं उनके व्यक्तित्व का सुदृढ़ पक्ष उनके द्वारा लिये गये प्रमुख निर्णयों कारगिल युद्ध, पोखरण परीक्षण (ऑपरेशन शक्ति) कांधार विमान अपहरण आदि घटनों में परिलक्षित होता है। अटल जी ने भारत के शान्ति दूत की छवि को धूमिल नहीं होने दिया साथ ही विश्व को इस तथ्य से भी अवगत कराया कि भारत अपनी सुरक्षा एवं सम्प्रभुता के संदर्भ में किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। सन् 1998 में पोखरण परीक्षण के उपरान्त भारत की शान्ति दूत की छवि पर वैश्विक एवं आंतरिक दोनों ही पक्षों से प्रहार हो रहा था तो अटल जी ने संसद में सम्बोधित करते हुए पूछा था कि "देश को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में आत्मनिर्भर क्यों नहीं होना चाहिए"। अटल जी ने इस साहसिक कदम की आलोचना से सम्बन्धित सभी प्रश्नों का तार्किकता से उत्तर दिया। इसी तरह कारगिल युद्ध में भी भारत ने अपना लोहा विश्व में मनवाया था। बिल क्लिटंन ने अटल जी को युद्ध विभीषिका के सम्बन्ध में जब सचेत किया तो उन्होनें जवाब दिया कि "मै इस बात को लेकर आश्वस्त हूँ कि भारत का 50 प्रतिशत हिस्सा समाप्त हो जायेगा परन्तु यह भी जान लीजिये कि यदि परमाणु हमला हुआ तो पाकिस्तान का नामों निंशा मिट जायेगा"।

अटल जी जहाँ एक ओर राष्ट्र की सुरक्षा एवं सम्प्रभुता के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के समझौते के विरुद्ध थें वहीं दूसरी ओर मानवतवाद एवं भारत के शान्ति दूत की छवि को भी बनाये रखने के सुदृढ़ समर्थक थे। उनके जीवन का एक पक्ष जो मर्मज्ञ कवि, मानवतावाद का समर्थक, साधन एवं साध्य की सुचिता एवं गरिमा का पक्षधर था, वहीं देश की सुरक्षा लिये गये कठोर निर्णय उनके व्यक्तित्व के दूसरे पक्ष अर्थात देश की अखण्डता एवं सुरक्षा के प्रतिबद्धता को उजागर करता है। जहाँ एक ओर देश की रक्षा हेतु वे शक्ति के पक्षधर थे वहीं दूसरी ओर मानवतावाद के पक्षपोषक के रूप में वे शन्ति के अग्रदूत थे।

प्रस्तुत शोध सारांश में अटल बिहारी वाजपेयी जी के बहुमुखी व्यक्तित्व (जिसका एक पक्ष शान्ति का पक्षधर था वही उनके व्यक्तित्व का द्वितीय पक्ष राष्ट्र की सुरक्षा हेतु शक्ति के पक्ष का अनुसरण करने का समर्थक था) का विश्लेषण किया गया है।

❋❋❋❋❋❋

साहित्य प्रेमी एक कवि- अटल बिहारी वाजपेयी

डॉ. ऊषा देवी
एसो0 प्रो0 इतिहास विभाग
विद्यान्त हिन्दू पी0जी0 कालेज लखनऊ।

भारत के सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" से सम्मानित भारत के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र, समाज, राजनीति, साहित्य एवं लेखन को समर्पित रहा। वह एक महान वक्ता, नेता, पत्रकार, लेखक और कवि रहे। अपनी अभिरूचि अनुसार कविता लिखना, संगीत सुनना, पढ़ना, भारतीय संस्कृति का अध्ययन, यात्रा करना प्रमुख कार्य करते थे। वे अपने तर्कशील भाषण तथ्यों, एवं कविताओं, विचारों व प्रभावशाली टिप्पणियों के लिए जाने जाते है। वे भारत के तीन बार प्रधानमंत्री बने, उनके कार्यकाल में पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण, 'आपरेशन शक्ति' हुआ, पाकिस्तान के साथ मधुर सम्बन्ध स्थापित करने के लिए लाहौर बस यात्रा प्रारम्भ की, वह एक उत्कृष्ट सम्पादक और कवि रहे। 25 दिसम्बर, 1924

को जन्म लेने वाला एक महान व्यक्ति का व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न था और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 93 वर्ष की आयु में अगस्त 2018 को मृत्यु को प्राप्त हो गया।

प्रस्तुत शोध पत्र में अटल बिहारी वाजपेयी के राजनैतिक स्वरूप के साथ-साथ उनके साहित्यिक व्यक्तित्व को उजागर करने का प्रयास किया गया है। वह एक राष्ट्रनेता के साथ-साथ एक सम्पादक, लेखक व कवि थे जिसने राष्ट्र को प्रेरित किया।

कूट शब्द- साहित्य, नेता, संरक्षक, अध्यक्ष, पार्टी, कवि, लेखक, हिन्दी, भाषण, टिप्पणी।

❋❋❋❋❋❋

अटल जी का व्यक्तित्व युगों - युगों तक प्रासांगिक एवं अनुकरणीय

डॉ. उषा मिश्रा
सहायक आचार्य - संस्कृत
नेता जी सुभाष चन्द्र बोस रा.म.स्ना.महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ उ.प्र.

कवि और राजनेता के समन्वित व्यक्तित्व वाले श्री अटल बिहारी बाजपेई को समाज-देश, पड़ोसी देश, राजनैतिक पक्ष - विपक्ष, विज्ञान आदि विविध क्षेत्रों से जो अनुभूतियां प्राप्त हुई, उन अनेकानेक अनुभूतियों को अपनी लेखनी से साहित्य अथवा काव्य का रूप देने वाले वैज्ञानिक विचारधारा रखनें वाले, संवेदनशील ह्दय, वाकपटु राजनेता, सामाजिक सेवाभाव के अंतः करण से युक्त भारत देश के प्रधानमंत्री पद पर तीन बार शपथ लेने वाले स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेई जी को भारतीय गणराज्य के सर्वोच्च नागरिक के रूप में "भारत रत्न" सम्मान से नवाज़ा गया। हम यहां बात कर रहे हैं - "भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की।"

"भारत रत्न" यह दो पद हैं प्रथम पद "भारत" दो शब्दों भा और रत् से मिलकर बना है। इसमें भा-भा+अङ्+टाप् प्रत्यय से मिलकर निर्मित है। जिसका अर्थ है-"ज्ञानरूपी प्रकाश" "रत्" पद का अर्थ है - "संलग्न, लीन, प्रवृत्त"। इस प्रकार भारत पद का अर्थ है "वह भूमि जिसके निवासी निरन्तर खोज में लगें हो" "रत्न" से तात्पर्य बहुमूल्य चिकनें पदार्थ से है, इसके अतिरिक्त जो व्यक्ति अपने वर्ग जाति में श्रेष्ठ/उत्तम हो उसे ही रत्न कहा जाता है। लेकिन इसके दोनों अर्थो मे से हम दूसरे अर्थ को अटल जी के संदर्भ में सटीक मानते हैं। " एक ऐसा व्यक्ति जो अपनी मातृभूमि पर साहित्य ,विज्ञान, कला, राजनीति, समाज के क्षेत्र में नित् नवीन खोज में प्रवृत्त हो वह व्यक्ति "भारत रत्न सम्मान" को प्राप्त करने का अधिकार रखता है।" ऐसे ही अन्वेषणात्मक व्यक्तित्व एवं काव्य सर्जना के धनी श्री अटल बिहारी वाजपेई जी थे। भारत रत्न सम्मान जिसको मिला हो उसका व्यक्तित्व प्रत्येक क्षेत्र में कितना विशाल होगा, इसे हम सब महसूस कर सकतें है। इसके अतिरिक्त अटल जी अपने नाम के अनुरूप दृढ़ संकल्प हो कार्यों का संपादन करते थे, चाहे उनके मार्ग में कितने ही रोडे क्यों ना आए हो, कितनी ही बाधाएं क्यों ना आई हो, वे दृढ़ इच्छाशक्ति वाले अटल जी कभी भी अपने मार्ग च्युत नहीं हुए। अटल जी के व्यक्तित्व के विषय में मुझें कुछ पंक्तियां याद आ रही कि -

(1)
बाधाएं कब बांध सकी हैं,
आगे बढ़ने वाले को।
विपदायें कब रोक सकी है,
मर कर जीने वाले को।।

(2)
मुश्किलें दिल के इरादें आजमाती है,
स्वप्न के पर्दे निगाहों से हटाती है।
हौंसला मत हार ओ मुसाफिर,
ठोकरें इंसान को चलना सिखाती हैं।

ऐसे अटल संकल्प वाले श्री अटल बिहारी बाजपेई की सशक्त जीवन शैली, कार्यशैली कभी भी रूकने वाली नहीं थी। दृढ़ प्रतिज्ञ अटल जी का जन्म संघ के प्रति निष्ठावान, अध्ययन-आध्यापन, कवित्व ह्दय रखनें वाले, वैदिक सनातन धर्मावलम्बी कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार में हुआ था। जिसकारण से वंशानुक्रम और वातावरण दोनों के सम्मिलित रूप ने अटल जी को बाल्यावस्था में ही प्रखर राष्ट्रप्रेमी

तथा सुसंस्कारित कवि बना दिया था। अटल जी को देश प्रेम, जीवन-दर्शन,, प्रकृति तथा मधुर भावो वाली कवितायें बचपन से ही आकृष्ट करती रही।

सन 1939 में अटल जी आठवीं अथवा नवीं कक्षा के छात्र हुआ करते थे, उसी समय इन्होंने अपनी पहली कविता ताजमहल पर लिखी थी, जो कि इसमें ताजमहल की सुंदरता का वर्णन ना करके इन्होंने सुंदर ताजमहल का निर्माण करने वाले श्रमिकों के कलात्मक हाथों की दास्ता अपने व्यथित हृदय से बयां की थी-

यह ताजमहल, यह ताजमहल
यमुना की रोती धार विकल
कल-कल, चल-चल
जब रोया हिंदुस्तान सकल
तब बन पाया ताजमहल
यह ताजमहल, यह ताजमहल।।

हाई स्कूल में अध्ययनरत अटल जी ने एक दूसरी कविता की रचना की थी, जिससे स्पष्ट होता है कि अटल जी को अपने हिंदू होने का अत्यंत गर्व था -

"हिंदू तन - मन, हिंदू जीवन, रग - रग हिंदू मेरा परिचय।"

अटल जी के आरंभिक जीवन से लेकर अंतिम समय तक इनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के अध्ययनोपरान्त जितना मै समझ सकी हूँ, वह यह की अटल जी शांत स्वभाव एवं शांति के पक्षधर, हाजिर जवाब थे। यह देश के भीतर ही नहीं बल्कि बाह्य देशों के साथ भी शांति- अमन-चैन का संबंध चाहते थे, किंतु छेड़ने वाले को छोड़ते भी नहीं थे, बल्कि अपने ओजस्वी पूर्ण वाणी ओज गुणप्रधान शैली वाली कविताओं से ललकारते हुए मुस्कुरा कर करारा जवाब देते थे। अटल जी समाज और राष्ट्र के अनुभूतियों को विविध रसों के माध्यम से शब्दों को पंक्तिबद्ध कर दिया करते थे। इनकी प्रत्येक कविता लेख कोई ना कोई गाथा का उल्लेख करती है, हमें कोई ना कोई संदेश, कुछ ना कुछ प्रेरणा, राष्ट्र के प्रति प्रेम जागृत करना, शहीदों का स्मरण, पूर्व में घटित घटनाओं के इतिहास का उद्बोधन कराने वाली वर्तमान में भी निराशा हताशा से मुक्ति दिलाने वाली है। अटल जी की कुछ कविताएं समाज की सच्चाई को परोसते हुए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देती हैं। यथा –

(1)
बेनकाब चेहरे हैं,
दाग बड़े गहरे हैं,
टूटता तिलस्म, आज सच से भय खाता हूँ।
गीत नहीं गाता हूँ।
लगी कुछ ऐसी नज़र,
बिखरा शीशे सा शहर,
अपनों के मेले में मीत नहीं पाता हूँ।
गीत नहीं गाता हूँ।
(2)
हार नहीं मानूंगा,
रार नहीं ठानूंगा,
काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ।
गीत नया गाता हूं।

आज भी इनकी कविताएं इतनी सशक्त एवं प्रासंगिक है कि किसी भी व्यक्ति को निराशा से छुटकारा दिलाकर कर्म के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का कार्य करती।

इससे स्पष्ट होता है कि अटल जी सदा से आशावादी कवि रहें, निराशा इन्हें छू भी नहीं पाती थी। इनकी कविताओं में उदार राष्ट्रवाद की अवधारणा दृष्टिगोचर होती है। अटल जी अपने लेखन के लिए देश विभाजन, समाज की चुनौतियों - समस्याओं, स्वतंत्रता, आपातकाल, जीवन - दर्शन, राष्ट्रीय संस्कृति - सभ्यता, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक अनुभवों को विषय बनाया है।

अतः हम कह सकते हैं कि अटल जी वास्तव में एक नव उन्मेषिनी प्रतिभासम्पन्न, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और संपादक के रूप में संपूर्ण देश में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में विख्यात है। अटल जी अपराजित वक्ता, संवेदनशील विचारवान कवि-लेखक तथा राष्ट्रभक्त व्यक्तित्व के थे।

यदि यह कहा जायें कि अटल जी का व्यक्तित्व वर्तमान में प्रासंगिक है और युगो - युगों तक अनुकरणीय होगा तो यह तनिक भी गलत नहीं होगा।

✻❉✳✻❉✳

भारतीय राजनीति एवं अटल बिहारी बाजपेयी

डॉ0 हिमांशु द्विवेदी
असि0 प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विभाग
राम लखन सिंह यादव कॉलेज, बख्तियारपुर, बिहार

बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी अटल बिहारी बाजपेयी का सार्वजनिक जीवन बहुत ही वेदाग एवं साफ सुथरा था। उनके लिए राष्ट्रहित सदा सर्वोपरि रहा। 1996 में लोकसभा में उन्होंने कहा था कि "सरकारे आएगी जाएगी, पार्टिया बनेगी और बिगड़ेगी परंतु ये देश चलते रहना चाहिए"। अटल जी का राजनीतिक जीवन 1942 में भारत छोड़ों आन्दोलन के समय से शुरू हुआ। एक लोकप्रिय नेता के रूप में अटल जी संसदीय परंपराओं संस्कृति उसके मूल्यों एवं अपने राजनीतिक कर्त्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहे हैं। संसद की प्रमुख समितियों जैसे- लोकलेखा समिति, विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्यशैली के नये आयाम प्रस्तुत किये। 1951 में भारतीय जनसंघ पार्टी के गठन में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ अटल जी की अहम भूमिका रही। वे संसद में जनसंघ के अग्रणी नेता थे और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष रहे आपातकाल का मुखर विरोध करने के साथ-साथ जब भारतीय जनसंघ पार्टी का जनता पार्टी में विलय हो गया और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने उस समय अटल जी को विदेश मंत्री जैसा सम्मानजनक पद मिला। 1980 में जनता पार्टी से असंतुष्ट होकर जनता पार्टी छोड़ दी और भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में मदद की और 1980 से 1986 तक भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी देश के एक मात्र राजनेता थे जो चार राज्यों, उत्तर प्रदेश के लखनऊ और बलरामपुर, गुजरात के गाँधी नगर, मध्य प्रदेश के ग्वालियर एवं विदिशा और दिल्ली की नई दिल्ली संसदीय सीट से चुनाव जितने वाले नेता थे। वे राजनीति के क्षेत्र में चार दशकों तक सक्रिय रहे वह लोकसभा में नौ बार और राज्यसभा में दो बार चुने गए जो अपने आप एक कीर्तिमान है। लोकतंत्र के सजक प्रहरी अटल जी ने 1996 में प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली। 1998 को पुनः प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और उनके नेतृत्व में 13 दलों की गठबंधन सरकार ने 5 वर्षों में देश के अंदर प्रगति के अनेक आयाम छुवे। पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो लगातार दो वार प्रधानमंत्री बने। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष अटल जी की ईमानदार छवि के कारण विरोधी दल के नेता भी उन्हें भरपूर मान सम्मान दिया करते थे। उनकी ईमानदारी, शालीनता, सादगी, सौम्यता और कविताओं ने भारत के युवाओं को एक नयी प्रेरणा दी।

✻❉✳✻❉✳

प्रखर राजनेता जन नेता अटल बिहारी बाजपेयी

डॉक्टर सीमा रानी
असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान
बी डी म.म. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिकोहाबाद

भारतीय राजनीति में अनेक राजनेता हुए, परंतु एक राजनेता जन नेता भी हो यह आवश्यक नहीं, यदि हम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की बात करें तो निसंदेह यह कहा जा सकता है कि वह जन नेता थे उन्होंने अपने कृत्यों से कविताओ से राजनीतिक निर्णय से, उदार व्यक्तित्व बोलने की शैली से भारतीय जनता के हृदय को स्पर्श किया।

1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के संदर्भ में अपनी राजनीतिक यात्रा का अटल बिहारी वाजपेयी ने आरंभ किया और आने वाले दिनों में अपने व्यक्तित्व से सभी को इतना प्रभावित किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने यह भविष्यवाणी कर दी थी कि अटल बिहारी वाजपेई एक दिन देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और उनकी बात सच हुई वे 3 बार देश के प्रधानमंत्री बने और देश के एकमात्र ऐसे राजनेता जिन्होंने चार राज्य में 6 लोकसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया।

उनके कार्यकाल को महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णय के लिए जाना जाता है वर्ष 1998 में भारत द्वारा किया गया परमाणु परीक्षण को इस संदर्भ में देखा जा सकता है यह भारतीय राजनीति में 1 मील का पत्थर साबित हुआ यद्यपि पोखरण परीक्षण के बाद पाश्चात्य देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए परंतु वह 2001 तक समाप्त भी हो गए।

अटल बिहारी वाजपेई जी ने पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों को सुधारने का प्रयत्न भी किया पाकिस्तान के संदर्भ में लाहौर समझौते को देखा जा सकता है वर्ष19 99 में शुरू की गई लाहौर बस सेवा के अंतर्गत वह पाकिस्तान भी गए, भारत में उनकी इस यात्रा का विरोध भी किया गया परंतु अटल बिहारी वाजपेई ने पड़ोसी मुल्क की जनता के दिल को जीत लियालिया1 वरिष्ठ पत्रकार किंग शुक्र नाग ने वाजपेई पर लिखी अपनी पुस्तक ऑल सीजंस मैन मैं लिखा है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि वाजपेई अगर पाकिस्तान से चुनाव लड़ते हैं तो निश्चित रूप से जीत जाएंगे। परंतु यह दुखद रहा था कि, भारत में लाहौर के पश्चात कारगिल संघर्ष का सामना करना पड़ा और सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा1 कंधार हाईजैक मामला और संसद पर हमले जैसी घटनाओं ने भी भाजपा सरकार पर प्रश्न खड़े किए अटल बिहारी बाजपेई ने युवा शक्ति और शिक्षा के महत्व को भी बड़ी बात समझा उनका स्पष्ट मानना था कि अगर भारत को विकास करना है तो उसे शिक्षित और अनुशासित युवाओं को तैयार करना पड़ेगा शिक्षा की प्रभु व्यापकता के लिए उनके द्वारा वर्ष 2001 में आरंभ किया अभियान आज ही महत्व रखता है देश के उनके द्वारा आरंभ की गई भारत जोड़ो परियोजना और नदी जोड़ो परियोजना स्थित है।

❋❋❋❋❋❋

अटल बिहारी वाजपेई और मानववाद

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी मानवता के अग्रदूत थे। उन्होंने अपने जीवन में न कभी इंसानों में भेद किया न धर्म में, न जाति में वे हमेशा से ही मानवता के पक्षधर थे। उनका कहना था कि मनुष्य जीवन अनमोल निधि है, इसलिये इंसान बनो केवल नाम से नहीं, हृदय और बुद्धि से नहीं, बल्कि ज्ञान से। हम केवल अपने लिये न जिये बल्कि औरों के लिये भी जियें। इसी तरह उन्होंने धर्म के सदंर्भ में कहा कि मुझे अपने हिन्दुत्व पर अभिमान है, किन्तु इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि मैं मुस्लिम विरोधी हूँ। अटल बिहारी वाजपेयी जी सादगी और मानवता के प्रति प्रेम और संवेदना के अद्वितीय मिश्रण थे। शांति के दूत और मानवता के प्रतीक अटल जी ने निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की और वे मानवतावाद तथा सहिष्णुता के सिद्धान्तों पर सदैव अडिग रहे। इनका पूरा जीवन निर्धनों और वंचितों की सेवा के लिये समर्पित रहा। इसके अनेक उदाहरणों में से एक उदाहरण 1984 के दंगों में जब मौत का नंगा नाच खेला जा रहा था, मानवता मर रही थी तब सिक्खों के लिए फरिश्ता बनकर आये थे वाजपेयी जी। इसी तरह पाकिस्तान के साथ सीधा युद्ध पर उनकी सहमति कभी नहीं बनी, क्योंकि इससे किसी का हित नहीं बल्कि, नुकसान मानवता का होगा। सरहदें और सियासतें तो बिगड़ कर फिर बन सकती हैं, लेकिन मानवता का क्या होगा? इन्हीं वजहों से बहुप्रतिभा के धनी अटल जी, हमारे देश के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत्र रहेंगे।

✻❉✳✻❉✳

अटल बिहारी वाजपेयी: बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी भारतीय, राजनीति के अजातशत्रु

मोनिका अवस्थी
असिस्टेंट प्रोफेसर
एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ।
mmonica.ggic@gmail.com

इस महान भारत देश में अनेक साधु-संतों ऋषि-मुनियों और महान आत्माओं ने जन्म लिया है। भारत की स्वतंत्रता से लेकर आज तक विकास की इस स्वर्णिम यात्रा में अनगिनत लोगों ने राष्ट्र की सेवा में स्वयं को समर्पित किया है। परंतु स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र की रक्षा तथा 21 वीं सदी में भारत को एक सुरक्षित, सशक्त और आधुनिक राष्ट्र बनाने में अटल बिहारी जी का योगदान अभूतपूर्व है। अटल जी ऐसे एक अकेले नेता हैं, जिन्हें भारत के चार अलग-अलग राज्यों उत्तर-प्रदेश, मध्य-प्रदेश, गुजरात और दिल्ली से लोकसभा के चुनाव जीतकर संसद में पहुंचने का गौरव प्राप्त है। एक प्रधानमंत्री के तौर पर वाजपेयी जी का कार्यकाल अत्यंत गौरवशाली रहा है। यही कारण है कि लगभग डेढ़ दशक बीत जाने के बाद भी उनके प्रधानमंत्रित्व काल को न केवल याद किया जाता है बल्कि उनकी नीतियों तथा रीतियों पर अमल भी किया जाता रहा है। उनके समय के महत्वपूर्ण निर्णयों पोखरण का परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी आधारभूत संरचना के विकास की बड़ी परियोजना, गरीबों वंचितों और शोषितों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए उनके समय प्रारंभ की गई सरकारी योजनाओं का समाज तथा राष्ट्र के विकास पर अत्यधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

✻❉✳✻❉✳

हिन्दी साहित्य और अटलजी की कविताएं

डॉ०राघवेन्द्र मिश्र
असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी
महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय 'आशियाना' लखनऊ

भारतीय राजनीति के जाज्वल्यमान नक्षत्र स्मृति शेष भारत रत्न माननीय अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा भारतीय राजनीति में दिये गये अवदान से तो अखिल विश्व परिचित और चमत्कृत है ही, साथ ही उनकी कविताएँ भी हिन्दी कविता की सुदीर्घ परम्परा में श्रीवृद्धि करते हुए अपना अमूल्य योगदान देती हैं। अटलजी को कविता विरासत में मिली थी। इनके पिता स्व० कृष्ण बिहारी बाजपेयी जी भी एक श्रेष्ठ कवि थे। अटलजी की रचनाओं का स्वर प्राय: राष्ट्रवादी रहा है। साथ ही उन्होंने राजीनितिक स्तर पर उपजे हालातों पर भी कविताएं लिखी हैं। उनकी कई रचनाएं उनकी तत्कालीन मन:स्थिति की उपज हैं। उदाहरण स्वरूप सन् 1980 ईस्वी में जनता पार्टी के विघटन के बाद अटल जी अपनी कविता में लिखते हैं-

"बेनकाब चेहरे हैं
दाग बड़े गहरे हैं
टूटता तिलस्म आज
सच से भय खाता हूँ
गीत नहीं गाता हूं।"

भाजपा का गठन होने के बाद परिस्थिति बदलती है और अटल जी की मन: स्थिति भी बदल जाती है। वह लिखते हैं-

"गीत नया गाता हूँ-2
टूटे हुए तारों से फूटे बासंती स्वर पत्थर की छाती पर उग आया नव अंकुर
झरे सब पीले पात

कोयल की कूक रात
प्राची में अरुणिमा की रेख देख पाता हूं
गीत नया गाता हूँ।"

अटलजी की कविताएं समग्रत: हिन्दी साहित्य के किसी 'वाद' या 'काल विशेष' से प्रेरित नहीं हैं किन्तु जब वे किसी नंगे-भूखे, निर्धन को फुटपाथों पर देखते हैं तो उनका प्रगतिशील स्वर मुखरित हो उठता है -

"15 अगस्त का दिन कहता
आज़ादी अभी अधूरी है
सपने सच होने बाकी हैं
रावी की शपथ न पूरी है
जिनकी लाशों पर पग धरकर
आज़ादी भारत में आयी
बे अब तक हैं खानाबदोश
ग़म की काली बदली छायी।"

अटलजी की शताधिक ऐसी रचनाएं हैं जो आज भी राष्ट्र की जुबान पर हैं। इनके पुनर्मूल्यांकन से निश्चित ही हिन्दी साहित्य की समृद्धिशाली परम्परा में नये अध्याय जुड़ सकते हैं,ऐसा मेरा विश्वास है।

❊❊❊❊❊❊


हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा
काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ
गीत नया गाता हूँ ॥
Atal Bihari Vajpayee
Shubhangi Gupta
BA 3rd Year


सा० अटल बिहारी वाजपेयी जी
SAUMYA PAL
B.Sc. 2nd Year


(कविता)
क्या हार में, क्या जीत में
किंचित नहीं भयभीत मैं
कर्तव्य पथ पर जो भी मिला
यह भी सही वो भी सही
वरदान नहीं मांगूंगा
हो कूद पर हार नहीं मानूंगा
(अटल बिहारी वाजपेयी जी)

Shiva Pandey
B.A. 1st
मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं
लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं
— अटल बिहारी बाजपेयी